2020

HINDI — GENERAL

Paper : DSE-A-1

(Loksahitya)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

Day - 2

1. किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'सोहर' और 'ज्योनार गीत' किस अवसर पर गाये जाते हैं?

(ख) 'गाल फुलाना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ग) 'लावणी' और 'डांडिया' लोक-नृत्यों का संबंध किस प्रांत विशेष से है?

(घ) तीजन बाई कौन हैं? उनकी प्रसिद्धि का आधार क्या है?

(ङ) किन्हीं दो लोकप्रचलित कथा-रुढ़ियों के नाम बताइए।

(च) 'चैता' किस प्रांत का लोकगीत है? यह कब गाया जाता है?

(छ) किन्हीं दो व्रतकथाओं के नाम लिखिए।

(ज) 'आँख का अंधा नाम नयनसुख' कहावत का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(झ) इन पहेलियों के उत्तर बताइए :

(अ) ना मारा ना खून किया बीसों का सिर काट लिया।

(आ) 'हरी थी मन भरी थी। नौ लाख मोती जड़ी थी। राजाजी के बाग में दुशाला ओढ़े खड़ी थी।'

(ञ) 'बिदेसिया' क्या है? इसके एक प्रमुख कलाकार का नाम लिखिए।

(ट) 'अंधेर नगरी' किस विधा की रचना है? इसके लेखक कौन हैं?

(ठ) 'मुंडन' और 'उपनयन' के अवसर पर गाए जानेवाले गीतों को क्या कहते हैं?

(ड) 'बाउल' का संबंध लोक-साहित्य की किस विधा से है? इसका संबंध किस प्रांत से है?

(ढ) 'भांगड़ा' क्या है? इसका संबंध किस प्रांत से है?

(ण) 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी' का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

2. किन्हीं ***तीन*** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) श्रमगीत

(ख) नागकथा

(ग) परीकथा

(घ) लोकोक्तियाँ

(ङ) स्वांग

3. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) लोक-संस्कृति और लोक-साहित्य के अंतर्संबंध पर प्रकाश डालिए।

(ख) लोकगीत क्या है? इसके विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(ग) लोक-साहित्य के अध्ययन की आवश्यकता क्यों है? स्पष्ट कीजिए।

(घ) हिन्दी लोकनाट्य की परंपरा पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'नौटंकी' ग्रामीण जनमानस की अभिलाषाओं की अभिव्यक्ति है।– स्पष्ट कीजिए।